


**विज्ञापन सं. 17556/एचआर/ऑल-इंडिया/2025/2** **दिनांक / Date: 24.10.2025**

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
### (रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) एक नवरत्न पीएसयू और भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जिसके उत्पादों की श्रृंखला में सैन्य संचार, रेडार, नौसैनिक प्रणालियां, सी4आई प्रणालियां, शस्त्र प्रणालियां, होमलैंड सुरक्षा, रणनीतिक संचार और मानव-रहित प्रणालियां, इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पाद हैं।

बीईएल नीचे उल्लिखित पदों के लिए उत्साही और उदीयमान पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती है -

1. **<u>वेतनमान, पारिश्रमिक तथा अन्य वित्तीय अनुलाभ</u>**

| **क्र.सं.** | **पद / श्रेणी** | **पदों की सं.** | **मूल वेतनमान (रु.)** | **आयु (01.10.2025 को)** | **भत्ते और अनुलाभ** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिवीक्षाधीन इंजीनियर (इलेक्ट्रॉनिक्स) / E-II श्रेणी में | 175 | 40,000-3%-1,40,000<br><br>सीटीसी- 13 लाख (लगभग) | 25 वर्ष, सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | मूल वेतन के अतिरिक्त, चयनित अभ्यर्थी डीए, एचआरए, वाहन भत्ता, कार्य-निष्पादन संबंधी वेतन, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और अन्य स्वीकार्य अनुलब्धियों के हकदार होंगे। |
| 2 | परिवीक्षाधीन इंजीनियर (मैकेनिकल) / E-II श्रेणी में | 109 | | | |
| 3 | परिवीक्षाधीन इंजीनियर (कंप्यूटर विज्ञान) / E-II श्रेणी में | 42 | | | |
| 4 | परिवीक्षाधीन इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) / E-II श्रेणी में | 14 | | | |

## 2. पदों के विवरण तथा न्यूनतम पात्रता मानदंड

| क्र.सं. | पद का नाम / श्रेणी | पदों की सं. | आवश्यक शैक्षिक योग्यता | दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए अभिचिह्नित पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिवीक्षाधीन इंजीनियर /E-II | 175 | इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूर संचार / संचार / दूर संचार में बी.ई. / बी.टेक / बी.एससी इंजीनियरी स्नातक | a) LV<br>b) D, HH<br>c) OA, BA, OL, BL, CP, LC, Dw, AAV<br>d) SLD, MI<br>e) MD involving (a) to (d) above |
| 2 | परिवीक्षाधीन इंजीनियर /E-II | 109 | मेकेनिकल में बी.ई. / बी.टेक / बी.एससी इंजीनियरी स्नातक | a) LV<br>b) D, HH<br>c) OA, BA, OL, LC, Dw, AAV<br>d) ASD (M), SLD, MI<br>e) MD involving (a) to (d) above |
| 3 | परिवीक्षाधीन इंजीनियर /E-II | 42 | कंप्यूटर विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग में बी.ई. / बी.टेक / बी.एससी इंजीनियरी स्नातक | a) LV<br>b) D, HH<br>c) OA, OL, BL, OAL, CP, LC, Dw, AAV<br>d) ASD (M), SLD, MI<br>e) MD Involving (a) to (d) above |
| 4 | परिवीक्षाधीन इंजीनियर /E-II | 14 | इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.ई. / बी.टेक / बी.एससी इंजीनियरी स्नातक | a) D, HH<br>b) OL, LC, Dw, AAV<br>c) SLD, MI<br>d) MD involving (a) to (c) above |

**श्रेणी के लिए प्रयुक्त संक्षिप्त रूप का विस्तार** -B=अंध, LV=कम दृष्टि, D=बधिर, HH= सुनने में कठिनाई, OA=एक बांह, OL=एक पैर, BA=दोनों बांह, BL=दोनों पैर, OAL=एक बांह और एक पैर, BLOA=दोनों पैर और एक बांह , BLA=दोनों पैर और बांह, CP=सेरेब्रल पाल्सी, LC=उपचारित कुष्ठ, Dw =वामनता, AAV=एसिड हमले के पीड़ित, MDy=मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, ASD= ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम व्याधि (M= हल्का, MoD= संतुलित), ID= बौद्धिक अक्षमता, SLD= सीखने की विशिष्ट अक्षमता, MI= मानसिक बीमारी, MD=बहु-अक्षमता

## 3. आरक्षण-

आरक्षण पैटर्न इस प्रकार होगा -

| अनारक्षित | ईडबल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | एससी | एसटी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 139 | 34 | 91 | 51 | 25 | 340 |

पीडबल्यूबीडी के लिए आरक्षण सरकारी दिशा-निर्देशों अनुसार होगा।

प्रयुक्त संक्षिप्त रूप का विस्तार - UR: अनारक्षित, ST: अनुसूचित जनजाति, EWS: आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग

## 4. पात्र शैक्षिक योग्यता

- **परिवीक्षाधीन इंजीनियर** के पद हेतु इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार / संचार / दूरसंचार / मेकेनिकल / कंप्यूटर विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग / कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों से बी.ई. / बी.टेक / बी.एससी इंजीनियरी स्नातक **प्रथम श्रेणी** में उत्तीर्ण अनारक्षित / ओबीसी (एनसीएल) / ईडबल्यूएस के अभ्यर्थी।

उक्त विषय क्षेत्रों में एएमआईई / एएमआईईटीई / जीआईईटीई में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं।

उक्त डिग्री / विषय क्षेत्रों में उत्तीर्ण श्रेणी के एससी / एसटी / पीडबल्यूबीडी अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र होंगे।

नोट - अन्य समकक्ष विषय क्षेत्रों और दोहरी विशेषज्ञता पर **विचार नहीं किया जाएगा।**

अर्हक डिग्री में जहां कहीं भी अंतिम अंक अक्षर श्रेणी (सीजीपीए/जीपीआई/एसजीपीए आदि) में किए गए हैं, वहां पात्रता मानदंड स्थापित करने के लिए संबंधित संस्थान / विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिवर्तन फार्मूले से अंकों के समतुल्य प्रतिशत को अपनाया जाएगा। लघु-सूची में चयन होने पर ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय, संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिवर्तन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। परिवर्तन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

## 5. आयु मानदंड -

परिवीक्षाधीन इंजीनियर पद के लिए निर्णायक तिथि 01.10.2025 को अनारक्षित / ईडबल्यूएस अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष होगी। ऊपरी आयु सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष की छूट दी जाएगी।

पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के संबंध में, ऊपरी आयु सीमा में 10 साल तक की छूट दी जाएगी। एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के संबंध में, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओबीसी (एनसीएल) से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य छूट के अलावा स्वीकार्य आयु छूट दी जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मेट्रिक / उच्चतर माध्यमिक उत्तीर्ण करने के लिए जारी प्रमाण-पत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, आयु के प्रमाण के रूप में एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज होगा।

मेट्रिक / उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि का उल्लेख न होने पर, सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा।

**अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए-**

- भारत सरकार और केंद्र सरकार के सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित संबंधित राज्यों के अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय

सूची में जाति का नाम अवश्य होना चाहिए।

- अभ्यर्थी को भारत सरकार / केंद्र सरकार / सरकारी क्षेत्र के उपक्रम के तहत पदों की नियुक्ति में आरक्षण के प्रयोजनार्थ लागू नवीनतम निर्धारित प्रारूप में दिनांक **01.10.2024** को या उसके बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- प्रमाण-पत्र में जारी करने की तारीख के साथ-साथ जाति का नाम बिल्कुल उसी तरह लिखा होना चाहिए जिस तरह केंद्रीय सूची में लिखा है।
- ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थी जो "नवोन्नत वर्ग" के तहत आते हैं, ओबीसी (एनसीएल) की रियायत/आरक्षण के लिए हकदार नहीं होंगे और ऐसे अभ्यर्थियों को "अनारक्षित" श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में आवेदन करना होगा।

**अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए-**

- जाति / जनजाति का नाम जिससे अभ्यर्थी संबंधित हैं, का नाम सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित संबंधित राज्यों की अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति की केंद्रीय सूची में अवश्य दर्ज होना चाहिए।
- जाति प्रमाण-पत्र में जाति के नाम के साथ जारी करने की तारीख भी होनी चाहिए।
- अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रारूप के अनुसार अपना अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए -**

- अभ्यर्थियों के पास वित्त वर्ष 2024-2025 की आय के आधार पर जिसे दिनांक 01.04.2025 को या उसके बाद जारी किया गया हो, अपेक्षित ईडबल्यूएस प्रमाण-पत्र / आय और परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र होना चाहिए।
- प्रमाण-पत्र पर आवेदक का फोटो विधिवत चिपका हुआ, हस्ताक्षरित और जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा उस पर मोहर के साथ होना चाहिए।

**पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए- पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के तहत छूट/आरक्षण का दावा करने के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना होगा -**

- दिव्यांगता की प्रकृति - स्थायी
- दिव्यांगता की मात्रा – न्यूनतम 40%
- दिव्यांगता की संबंधित श्रेणी पर लागू नवीनतम प्रारूप के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र।
- पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी की ऊपरी आयु सीमा के संबंध में 10 साल की छूट दी जाएगी। एससी / एसटी / ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के संबंध में, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / ओबीसी (एनसीएल) से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य छूट के अलावा स्वीकार्य आयु छूट लागू होगी।
- बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के संबंध में, श्रेणी के तहत अभ्यर्थी के पास विचार करने के लिए दिव्यांगता की मात्रा सरकारी मानदंडों द्वारा निर्धारित होगी।

**भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए**

- भूतपूर्व सैनिकों के संबंध में सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छूट दी जाएगी।
- अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अनुलग्नक-3 प्रस्तुत करना होगा जिस पर सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर हों।

**6.<u>पदों की संख्या</u>**

उक्त पदों के लिए 340 रिक्तियां हैं (175 इलेक्ट्रॉनिक्स, 109 मैकेनिकल, 42 कंप्यूटर विज्ञान और 14 इलेक्ट्रिकल )। प्रबंधन के विवेकाधिकार पर भर्ती के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर प्रत्येक विशेषज्ञता में पदों की कुल संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

### 7.तैनाती का स्थान

उपर्युक्त नियुक्तियां निम्नलिखित स्थानों पर स्थित बीईएल की सभी / किसी एक यूनिट / कार्यालय के लिए है- बेंगलूरु (कर्नाटक), गाज़ियाबाद (उत्तर प्रदेश), पुणे (महाराष्ट्र), हैदराबाद / इब्राहिमपटनम (तेलंगाना), चेन्नई (तमिल नाडु), मछिलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश), पंचकुला (हरियाणा), कोटद्वार (उत्तराखंड) और नवी मुंबई (महाराष्ट्र)।

कंपनी की आवश्यकताओं के आधार पर, चयनित अभ्यर्थियों को प्रबंधन के विवेकाधिकार पर भारत में किसी भी स्थान पर या बीईएल के किसी भी अनुभाग / विभाग / प्रभाग / यूनिट में पारिश्रमिक को प्रभावित किए बिना तैनात किया जा सकता है।

### 8.आवेदन की अंतिम तारीख -

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 14.11.2025 है।

### 9. आवेदन शुल्क

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को रु. 1000/- + जीएसटी, यानी रु. **1180/-** का आवेदन शुल्क अदा करना होगा।

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी जानकारियों को सही ढंग से दर्ज करना होगा और प्रस्तुत करने से पहले उनका सत्यापन करना होगा, क्योंकि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले, अभ्यर्थियों को सावधानीपूर्वक विज्ञापन पढ़ना होगा और यह सुनिश्चित करने के बाद ही शुल्क का भुगतान करना होगा कि वे उक्त पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। एक बार भुगतान किए गए आवेदन शुल्क को कंपनी/बैंक द्वारा आवेदकों को **वापस नहीं किया जाएगा**। सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों से आवेदन शुल्क प्राप्त न होने पर उनका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

### 10.चयन की विधि -

जो अभ्यर्थी अर्हता मानदंड को पूरा करते हैं और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए गए हैं, उन्हें कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए अनंतिम रूप से लघुसूची में रखा जाएगा।

कंप्यूटर आधारित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में अलग-अलग सामान्य / अपिव / ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अर्हता अंक 35% और एससी / एसटी/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए 30% है।

कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए 1:5 के अनुपात में अनंतिम रूप से लघु-सूची में रखा जाएगा।

अभ्यर्थियों का चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए महत्ता 85 अंक और साक्षात्कार के लिए 15 अंक होगी।

ऐसे अभ्यर्थी जो शैक्षिक योग्यता संबंधी मानदंडों को पूरा करते हैं और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाते हैं, उन्हें बीईएल की वेबसाइट पर लॉग इन करना होगा और अपने कंप्यूटर आधारित परीक्षा का बुलावा पत्र प्राप्त करने और उसे डाउनलोड करने के लिए अपने विवरण दर्ज करने होंगे। अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र का प्रिंट लेना होगा और उसमें दिए गए अनुदेशों का पालन करना होगा। कृपया नोट करें कि बुलावा पत्र **ई-मेल या पारंपरिक डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे।**

ऐसे अभ्यर्थी जिनके आवेदन ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं, वे संबंधित केंद्र में कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। बुलावा पत्र बीईएल की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

## 11.<u>कंप्यूटर आधारित परीक्षा</u>

अभ्यर्थी अनुलग्नक-ए में उल्लिखित केंद्रों में से चुनाव कर सकते हैं। हालांकि परीक्षा केंद्र का आवंटन परीक्षा केंद्र की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों की संख्या के आधआर पर केंद्रों के उपलब्ध न होने की स्थिति में बीईएल केंद्र / शहर / राज्य में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

अभ्यर्थी को अपने पत्राचार के स्थान के निकटतम 5 परीक्षा केंद्र चुनने होंगे। परीक्षा केंद्र / शहर / राज्य में परिवर्तन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने के लिए यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

कंप्यूटर आधारित परीक्षा 120 मिनट की अवधि के लिए होगी जिसमें 125 प्रश्न (यानी 100 तकनीकी प्रश्न और 25 सामान्य अभिवृत्ति और तार्किक प्रश्न) होंगे।

प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक होगा और गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंक होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/4 अंक की कटौती की जाएगी। ऐसा प्रश्न जिनका उत्तर नहीं दिया जाता / समीक्षाधीन प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे। प्रश्न पत्र द्विभाषी यानी केवल अंग्रेजी और हिंदी में होगा। हालांकि, हिंदी प्रश्न-पत्र में कोई त्रुटि / भिन्नता होने पर, प्रश्न का अंग्रेजी संस्करण वैध होगा।

### <u>11.1</u> <u>पाठ्यक्रम-</u>

कंप्यूटर आधारित परीक्षा के पाठ्यक्रम में मुख्य रूप से ऐसे इंजीनियरी विषयों से वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिन्हें अभ्यर्थियों ने अपने संबंधित इंजीनियरी विषयों या विशेषज्ञताओं के तहत अध्ययन किया है।

इसके अलावा, परीक्षा में अभ्यर्थियों का विश्लेषणात्मक और तार्किक क्षमताओं का आकलन करने के लिए सामान्य अभिवृत्ति खंड भी होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी इंजीनियरी योग्यता के पाठ्यक्रम के आधार पर अच्छी तरह तैयारी करे।

साक्षात्कार के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आधार पर लघुसूची में चयनित अभ्यर्थियों की सूची क्वेरी मोड के

माध्यम से बीईएल की वेबसाइट पर डाली जाएगी। अभ्यर्थियों को अंतिम चयन के लिए साक्षात्कार में शामिल होना होगा। साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों के परिणाम बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## 12.<u>आवेदन कैसे करें</u>

1. अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख/समय की प्रतीक्षा न करते हुए आवेदन करें और आवेदन तुरंत प्रस्तुत करें। **यदि अंतिम समय की जल्दबाजी के कारण अभ्यर्थी अपने आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी।**

2. कृपया भविष्य के संदर्भों के लिए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट और भुगतान पावती पर्ची अपने पास रखें।

**3.** कृपया आवेदन पत्र या किसी अन्य **दस्तावेज की हार्ड कॉपी बीईएल के कार्यालय** में न भेजें।

4. अभ्यर्थी इस विस्तृत विज्ञापन को बहुत ध्यान से पढ़ें और इस पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता की जांच कर लें।

5. ऑनलाइन माध्यम से आवेदन भरने से पहले, अभ्यर्थी निम्नलिखित विवरण / दस्तावेज तैयार रखें -

   a. वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर- उचित संप्रेषण के लिए व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर प्रदान करने का सुझाव दिया जाता है।
   b. हाल ही में लिए गए (3 महीनों से पुराना नहीं) के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ की स्कैन की गई प्रति/सॉफ्टकॉपी। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक ही फोटो का उपयोग किया गया है।
   c. स्कैन किए गए हस्ताक्षर।

6. कृपया नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार अभ्यर्थी द्वारा भरी गई श्रेणी में बदलाव नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इस विज्ञापन में निर्दिष्ट सभी पात्रता मानदंडों और अन्य शर्तों को पूरा करते हैं और यह कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दिए गए विवरण हर तरह से पूर्ण और सही हैं।

पोर्टल पर केवल पंजीकरण का मतलब यह नहीं है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं। इसे दस्तावेज सत्यापन के समय मूल में संबंधित और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए स्थापित किया जाएगा।

यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंड पूरा नहीं करते हैं तथा / या अभ्यर्थी ने गलत सूचना दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और चयन होने पर उनकी नियुक्ति सरसरी तौर पर समाप्त कर दी जाएगी।

वर्तमान में सरकारी विभागों / पीएसयू / स्वायत्त निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता के सक्षम प्राधिकारी से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण-पत्र) प्रस्तुत करना होगा।

आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई प्रकार का पक्ष-प्रचार करने से उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

उपर्युक्त विज्ञापन में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, समय विस्तारण आदि बीईएल की वेबसाइट www.bel-india.in के "Careers" खंड में दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

ऑनलाइन फॉर्म में उल्लिखित सभी विवरण अंतिम माने जाएंगे और बाद में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित क्षेत्रों में सही प्रविष्टियां करते हुए बहुत सावधानीपूर्वक ऑनलाइन फॉर्म भरें। एक बार जमा किए गए आवेदन पर बाद में कोई सुधार नहीं किया जा सकेगा।

## 13. लघु सूची तैयार करने की प्रक्रिया -

सामान्य/ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस से संबंधित अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम 35% अंक प्राप्त करने होंगे और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित अभ्यर्थियों को न्यूनतम 30% अंक प्राप्त करने होंगे।

कंप्यूटर आधारित परीक्षा के अंकों के आधार पर, अभ्यर्थियों को 1:5 के अनुपात में योग्यता के क्रम में साक्षात्कार के लिए लघुसूची में शामिल किया जाएगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा की महत्ता 85 अंक और साक्षात्कार के लिए 15 अंक होगी।

## 14. सामान्य शर्तें -

i) **केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के पात्र हैं।**

ii) **सेवा करार** - चयनित अभ्यर्थियों को 6 महीनों की अवधि के लिए अभिविन्यास/कार्यगत प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें प्रशिक्षण के बाद 2 वर्षों की अवधि के लिए कंपनी में सेवा प्रदान करने के लिए सेवा करार निष्पादित करना होगा और बीईएल की किसी भी यूनिट/कार्यालय में सेवा प्रदान करने के लिए तैयार रहना होगा। सेवा करार के उल्लंघन के लिए 2,00,000/- रु. का राशि देय होगी।

iii) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कंपनी के चिकित्सा मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने की शर्त पर होगी।

iv) कंपनी के चिकित्सा मानक के अनुसार, वर्णांधता वाले अभ्यर्थी परिवीक्षाधीन इंजीनियर इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कंप्यूटर विज्ञान और इलेक्ट्रिकल पदों के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

v) किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी अभ्यर्थी को अलग से सूचना नहीं दी जाएगी।

vi) आंतरिक अभ्यर्थियों के लिए मानदंड/छूट/निबंधन व शर्तें दिनांक 24.10.2025 के आंतरिक विज्ञापन के अनुसार होंगी।

vii) बीईएल में नियुक्त प्रशिक्षु/परियोजना/नियत अवधि के इंजीनियरों को पात्र मानदंडों के अनुसार बाहरी अभ्यर्थी के रूप में आवेदन करना होगा और साक्षात्कार से पहले संबंधित यूनिट/एसबीयू एचआर को सूचित करना होगा।

viii) अभ्यर्थी कंप्यूटर आधारित परीक्षा के प्रश्न पत्र और साक्षात्कार का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी में देने का विकल्प चुन सकते हैं।

ix) जिन अभ्यर्थियों के डिग्री प्रमाण-पत्र में उल्लिखित विशेषज्ञता आवेदन में उल्लिखित शाखा से मेल नहीं खाती है, उन्हें साक्षात्कार के लिए नहीं लिया जाएगा।

x) यदि किसी कारण से अभ्यर्थियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता है तो बीईएल कंप्यूटर आधारित परीक्षा/साक्षात्कार की कार्यवाही/अंतिम दस्तावेज सत्यापन के किसी भी चरण में अभ्यर्थी को विवर्जित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

xi) चयन प्रक्रिया के सभी/किसी भी चरण में प्रवेश पूरी तरह अनंतिम होगा। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र/साक्षात्कार का बुलावा पत्र/नियुक्ति का अनंतिम प्रस्ताव देने मात्र का यह आशय नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी बीईएल द्वारा अनुमोदित कर दी गई है। बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को विवर्जित करने/अयोग्य ठहराने का अधिकार सुरक्षित रखती है। पद के लिए आवेदन करने मात्र को चयन नहीं माना जाएगा।

xii) आवेदक को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह विज्ञापन में उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। यदि आवेदक इस पद के लिए विज्ञापन में उल्लिखित किसी भी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी चयन प्रक्रिया के किसी भी बिंदु पर रद्द कर दी जाएगी। इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। अभ्यर्थी को आवेदन शुल्क प्रस्तुत करने से पहले सभी अनुदेशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढ़ना होगा। एक बार भुगतान करने के बाद किसी भी मामले/परिस्थिति में आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

**xiii) बीईएल में सुदृढ़ और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर हैं। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क या राशि जमा करने का अनुरोध नहीं करती है या शुल्क नहीं लेती है। हम नौकरी चाहने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संप्रेषण से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी के कार्यों से होने वाले किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं है।**

xiv) बीईएल ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

**<u>स्पष्टीकरण</u>**

**इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया आवेदन पोर्टल में एकीकृत हेल्प डेस्क टैब के माध्यम से संपर्क करें या टोल-फ्री नंबर +919741729267 पर संपर्क करें। कृपया नोट करें कि टेलीफोन कॉल, पारंपरिक मेल, अन्य ई-मेल आईडी आदि सहित किसी अन्य प्रकार के संप्रेषण पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**हमें इंस्टाग्राम पर फॉलो करने के लिए नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।**

<u>**आवेदन कैसे करें**</u>

1. अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख/समय की प्रतीक्षा न करते हुए आवेदन करें और आवेदन तुरंत प्रस्तुत करें। यदि अंतिम समय की जल्दबाजी के कारण अभ्यर्थी अपने आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) जिम्मेदार नहीं होगी।
2. कृपया भविष्य के संदर्भों के लिए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट और भुगतान पावती पर्ची (यदि लागू हो) अपने पास रखें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के बाद, आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने का विकल्प उपलब्ध नहीं होगा।
3. अभ्यर्थियों को अपने आवेदनों या किसी अन्य दस्तावेज का प्रिंटआउट डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से बीईएल पर प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

| महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| **1. . आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि** | **24.10.2025 (11:00 बजे)** |
| *2.* **डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/वॉलेट/यूपीआई के माध्यम से शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि** *(एसबीआई ई-पे लाइट भुगतान द्वार के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान)* | **14.11.2025 (11:59 बजे)** |

<u>**ऑनलाइन आवेदन जमा करने के अनुदेश**</u>

| ए. सामान्य अनुदेश | |
|---|---|
| 1. | अनुदेशों को ध्यान से पढ़ें और बीईएल के ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण हेतु "To Register" बटन के सामने "Click here" हाइपर लिंक पर क्लिक करें। |
| 2. | विस्तृत सूचना के लिए, कृपया **"To read Advertisement"** के सामने **"Click here"** हाइपरलिंक बटन पर क्लिक करें। कृपया ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले इसे ध्यान से पढ़ें। |
| 3. | ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन भरने से पहले, अभ्यर्थी निम्नलिखित विवरण / दस्तावेज तैयार रखें -<br>a) वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर<br>b) हाल में खींची गई (3 सप्ताह से अधिक पुराना नहीं) पासपोर्ट आकार के रंगीन फ़ोटोग्राफ की स्कैन की गई प्रति। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान उसी फ़ोटोग्राफ का उपयोग किया गया है।<br>c) जेपीजी और जेपीएजी प्रारूप में स्कैन किए गए हस्ताक्षर।<br>d) विज्ञापन के अनुसार अन्य आवश्यक दस्तावेज। |
| 4. | श्रेणी (सामान्य (यूआर)/ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/ईएसएम/पीडब्ल्यूडी) एक बार भरने के बाद ऑनलाइन आवेदन पत्र में परिवर्तन नहीं किया जाएगा और अन्य श्रेणी का कोई अनुलाभ स्वीकार्य नहीं होगा। |
| **बी. आवेदन कैसे करें** | |
| 1. | अभ्यर्थियों के पास वैध निजी ई-मेल आईडी और मोबाइल नं. होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज किया गया यह ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर आवेदन भरने की तारीख से कम से कम अगले एक वर्ष तक वैध रहना आवश्यक है। आवेदन संख्या, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण जानकारियां उसी पंजीकृत ई-मेल आईडी और और मोबाइल नं. पर भेजी जाएंगी। (*कृपया यह सुनिश्चित करें कि पंजीकृत ई-मेल के मेलबॉक्स को भेजा गया ईमेल आपके जंक/स्पैम फ़ोल्डर पर रीडायरेक्ट न हो*)। |
| 2. | अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण प्रस्तुत करने/प्रदान करने में अत्यधिक सावधानी रखनी चाहिए। **आप आवेदन प्रस्तुत करने से पहले ही सूचना में सुधार कर सकते हैं क्योंकि एक बार फॉर्म जमा करने के बाद, इसमें सुधार नहीं किया जा सकेगा।** |

| | |
|---|---|
| 3. | आवेदन जमा करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है-<br>**चरण- I**- निजी विवरण का पंजीकरण, चयनित पद के साथ संपर्क विवरण। यूजर आईडी और पासवर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा।<br>**चरण-II**- व्यक्तिगत विवरण, अतिरिक्त विवरण, पत्राचार का विवरण, शैक्षणिक योग्यता के विवरण, परीक्षा के नगर, घोषणा संबंधी जानकारी भरें, संबंधित दस्तावेज (फोटो/हस्ताक्षर, संबंधित प्रमाण-पत्र आदि) अपलोड करें और नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई आदि के माध्यम से भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन शुल्क (जहां लागू हो) जमा करें। |
| 4. | एक बार प्रस्तुत किए गए आवेदन को वापस नहीं लिया जा सकेगा। एक बार अदा किए गए आवेदन शुल्क और अन्य प्रभार, जैसा लागू हो, किसी भी मामले/परिस्थितियों में वापस नहीं किए जाएंगे और न ही उन्हें किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए आरक्षित किया जाएगा। |
| **सी. चरण-I - पंजीकरण** | |
| 1. | अभ्यर्थी सभी आवश्यक जानकारियों जैसे-व्यक्तिगत विवरण, संपर्क विवरण, पद का चयन आदि को सही ढंग से भरें और 'जनरेट ओटीपी' बटन पर क्लिक करें। |
| 2. | अभ्यर्थी के मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर अलग से ओटीपी भेजा जाएगा। अभ्यर्थी को मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी सत्यापित करने के लिए ओटीपी दर्ज करना |
| 3. | निबंधन व शर्तों से सहमत अभ्यर्थी घोषणा के बाद दिए गए **'I Agree'** "चेक बॉक्स पर क्लिक कर आवेदन कर सकते हैं और फिर "**Re-verify**" बटन पर क्लिक कर चयनित / दर्ज किए गए मानों को फिर से सत्यापित करें और फिर चेक बॉक्स में टिक करें, यदि दर्ज किए गए मान सही ढंग से प्रदर्शित होते हैं, और **"Submit"** बटन दबाएं। |
| 4. | SUBMIT बटन/टैब पर क्लिक करने के बाद, अभ्यर्थियों को उनके ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर अनुक्रम संख्या (यूजर आईडी) और पासवर्ड प्राप्त होगा। अब, उम्मीदवार को स्टेप-II तक पहुंचने के लिए "Go to Application" बटन (ऊपर दाएं कोने पर दिया गया है) पर क्लिक करना होगा। |
| **डी. चरण-II: आवेदन भरना** | |
| • | साइन-अप करने के बाद, अभ्यर्थी या तो "Go To Application" बटन पर क्लिक करके स्टेप-II (आवेदन विवरण भरने के लिए) पर जा सकते हैं या यदि अभ्यर्थी पंजीकरण के बाद लॉग आउट हैं, तो अभ्यर्थी लॉगिन पृष्ठ पर यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करके फिर से लॉगिन कर सकते हैं और फिर लॉगिन के लिए "लॉगिन" बटन पर क्लिक करें। फिर अभ्यर्थी व्यक्तिगत विवरण, अतिरिक्त विवरण, संप्रेषण विवरण, योग्यता विवरण, घोषणा, फोटो और हस्ताक्षर सहित प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करने के लिए ऊपर दाहिने कोने में "Go To Application" बटन पर क्लिक करें। सभी आवश्यक विवरण भरने के बाद अभ्यर्थी आवेदन प्रस्तुत करें और एसबीआई ई-पे लाइट भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान करें। |
| • | फोटो, हस्ताक्षर की स्कैनिंग से संबंधित अनुदेश-अभ्यर्थी नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपने फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन (डिजिटल) छवि जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में अपलोड करें -<br>• फोटो छवि-<br>    • कृपया हाल ही में खींचा गया एक पासपोर्ट आकार का फोटो सफेद पृष्ठभूमि (3 महीने से अधिक पुराना नहीं) अपलोड करें।<br>    • टोपी/ काले चश्मे वाला फोटो स्वीकार्य नहीं होंगे। धार्मिक शिरोवस्त्र पहनने की अनुमति है लेकिन यह चेहरा ढंके हुए नहीं होने चाहिए।<br>    • छवि का आकार न्यूनतम 100 केबी और अधिकतम 200 केबी होना चाहिए।<br>    • छवि.jpg या.jpeg प्रारूप में होनी चाहिए।<br>    • स्कैनर डीपीआई 200 डीपीआई होना चाहिए। |

| | |
|---|---|
| | • आयाम 3.5 सेमी (चौड़ाई) x 4.5 सेमी (ऊंचाई) होना चाहिए।<br>**हस्ताक्षर इमेज-**<br>• आवेदक को काली स्याही वाले पेन से सफेद कागज पर हस्ताक्षर करना होगा।<br>• हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किए जाने चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा।<br>• कृपया केवल हस्ताक्षर क्षेत्र को स्कैन करें न कि पूरे पृष्ठ को।<br>• कृपया अपनी हाल ही का हस्ताक्षर न्यूनतम 80 केबी से अधिकतम 150 केबी होना चाहिए (केवल .jpeg अथवा .jpg प्रारूप में) |
| • | फोटो, हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद, "प्रिव्यू" टैब पर क्लिक करें और देखें कि भरे गए विवरण हर तरह से सही हैं। यदि कोई त्रुटि हो तो "Submit" टैब पर अंतिम रूप से क्लिक करने से पहले उसे सुधारा जा सकता है। आवेदन जमा करने के बाद, अभ्यर्थी शुल्क जमा करने के लिए स्वचालित रूप से भुगतान गेटवे पर रीडायरेक्ट कर दिए जाएंगे।<br>• अनारक्षित (यूआर)/अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थी- रु. 1180/-<br>• अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), भूतपूर्व सैनिक और पीडब्ल्यूबीडी- कोई शुल्क नहीं। |
| • | शुल्क विप्रेषण के दिशा-निर्देश इस प्रकार है-<br>• आवेदन प्रस्तुत करने के बाद, अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए पेमेंट गेटवे की ओर पुनर्निर्देशित किया जाएगा।<br>• कृपया विवरण का सत्यापन करें और आवेदन शुल्क का भुगतान करें।<br>• आवेदन शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान करने के बाद, अभ्यर्थी को उसके आवेदन पत्र पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा।<br>• अभ्यर्थी भविष्य में उपयोग के लिए भुगतान पावती स्लिप (यदि लागू है) अपने पास सुरक्षित रखें। |
| • | **प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र की प्रिंटिंग-** आवेदन शुल्क का भुगतान करने और आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक जमा करने के बाद, अभ्यर्थी "PRINT" बटन को दबाकर और अपने आवेदन पत्र को पीडीएफ फॉर्म में सहेजकर / प्रिंट करके अपने आवेदन पत्र का प्रिंट ले सकते हैं जिसमें अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत विवरण शामिल होंगे। कृपया आवेदन पत्र का प्रिंट भावी संदर्भ के लिए अपने पास संभालकर रखें। |
| • | किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी विशेष पद के लिए एक से अधिक पंजीकरण/आवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे। अनेक आवेदनों के मामले में, आवेदक को यह नोट करना चाहिए कि केवल उच्च 'आवेदन अनुक्रम संख्या' वाले ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और एक 'आवेदन अनुक्रम संख्या' के समक्ष भुगतान किए गए शुल्क को किसी अन्य 'आवेदन अनुक्रम संख्या' के समक्ष समायोजित नहीं किया जाएगा। |
| • | ऑनलाइन आवेदन भरने से संबंधित तकनीकी प्रश्न / स्पष्टीकरण लॉग इन के बाद आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पडेस्क टैब में उठाए जा सकते हैं या कृपया सोमवार से शुक्रवार (सुबह **10** बजे से शाम **5** बजे के बीच) के बीच **"हेल्प डेस्क" फोन नंबर- +917996347666** पर संपर्क करें। |

## अनुलग्नक-ए - परीक्षा केंद्रों की सूची

| राज्य | नगर |
|---|---|
| Andhra Pradesh | Rajahmundry |
| Andhra Pradesh | Tirupathi |
| Andhra Pradesh | Vijayawada |
| Andhra Pradesh | Vishakhapatnam |
| Arunachal Pradesh | Itanagar |
| Assam | Guwahati |
| Bihar | Bagalpur |
| Bihar | Muzaffarpur |
| Bihar | Patna |
| Chandigarh | Chandigarh |
| Chhattisgarh | Bhilai Nagar |
| Chhattisgarh | Bilaspur CH |
| Chhattisgarh | Raipur |
| Delhi | Delhi/NCR |
| Goa | Panaji |
| Gujarat | Ahmedabad |
| Gujarat | Gandhinagar |
| Gujarat | Vadodara |
| Himachal Pradesh | Shimla |
| Jammu and Kashmir | Jammu |
| Jammu and Kashmir | Srinagar |
| Jharkhand | Jamshedpur |
| Jharkhand | Ranchi |
| Karnataka | Bengaluru |
| Karnataka | Hubli |
| Karnataka | Mangaluru(Mangalore) |
| Karnataka | Mysuru (Mysore) |
| Kerala | Ernakulam |
| Kerala | Kannur |
| Kerala | Kozhikode |
| Kerala | Thiruvananthapuram |
| Madhya Pradesh | Bhopal |
| Madhya Pradesh | Gwalior |
| Madhya Pradesh | Indore |
| Madhya Pradesh | Jabalpur |
| Maharashtra | Amravati |
| Maharashtra | Chhatrapati Sambhaji Nagar |
| Maharashtra | Mumbai |
| Maharashtra | Nagpur |
| Maharashtra | Nashik |
| Maharashtra | Pune |

| राज्य | नगर |
|---|---|
| Manipur | Imphal |
| Meghalaya | Shillong |
| Mizoram | Aizwal |
| Nagaland | Kohima |
| Odisha | Bhubaneswar |
| Odisha | Cuttack |
| Odisha | Rourkela |
| Odisha | Sambalpur |
| Puducherry | Puducherry |
| Punjab | Amritsar |
| Punjab | Bhatinda |
| Punjab | Ludhiana |
| Rajasthan | Jaipur |
| Rajasthan | Udaipur |
| Tamil Nadu | Chennai |
| Tamil Nadu | Coimbatore |
| Tamil Nadu | Madurai |
| Tamil Nadu | Salem |
| Tamil Nadu | Tiruchirappalli |
| Tamil Nadu | Tirunelveli |
| Tamil Nadu | Vellore |
| Telangana | Hyderabad |
| Telangana | Karimnagar |
| Telangana | Warangal |
| Tripura | Agartala |
| Uttar Pradesh | Agra |
| Uttar Pradesh | Gorakhpur |
| Uttar Pradesh | Lucknow |
| Uttar Pradesh | Meerut |
| Uttar Pradesh | Varanasi |
| Uttarakhand | Dehradun |
| Uttarakhand | Haldwani |
| West Bengal | Kolkata |
| West Bengal | Siliguri |

नोट-उपर्युक्त सूची अनंतिम है और संपूर्ण नहीं है। बीईएल के पास अभ्यर्थियों की संख्या और केंद्रों की उपलब्धता के आधार पर केंद्र/शहर/राज्य को बदलने का अधिकार सुरक्षित है।

**अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) / FAQs**

### अलग-अलग वर्ग क्या हैं?
### What are the different categories?

The categories are:

1. General (GN)
2. Other Backward Class (OBC (NCL))
3. Scheduled Caste (SC)
4. Scheduled Tribe (ST)
5. Persons with Benchmark Disability (PwBD)
6. Ex-servicemen (ESM)

### विभिन्न वर्गों के लिए आयु सीमा क्या है?
### What is the age limit for various categories

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | General/EWS | - | 25 years for as on 01.10.2025 |
| 2. | OBC (NCL) | - | age relaxation of 3 years. |
| 3. | SC | - | age relaxation of 5 years. |
| 4. | ST | - | age relaxation of 5 years. |
| 5. | PwBD | - | age relaxation of 10 years. |
| 6. | PwBD & OBC (NCL) | - | age relaxation of 13years. |
| 7. | PwBD & SC/ST | - | age relaxation of 15years. |
| 8. | Ex-Servicemen | - | age relaxation of 5 years. |

### विभिन्न वर्गों के लिए अर्हता मानदंड क्या हैं?
### What is the Qualification criteria for various categories?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | General | - | First class |
| 2. | OBC (NCL) | - | First class |
| 3. | EWS | - | First class |
| 4. | SC | - | Pass class |
| 5. | ST | - | Pass class |
| 6. | PwBD | - | Pass class |

### क्या मुझे आवेदन शुल्क का भुगतान करना है?
### Do I need to pay application fee?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | General | - | Yes-forRs.1000/- + GST |
| 2. | OBC (NCL) | - | Yes-forRs.1000/- + GST |
| 3. | EWS | - | Yes-forRs.1000/- + GST |
| 4. | ESM | - | No application fee |
| 5. | SC | - | No application fee |
| 6. | ST | - | No application fee |
| 7. | PwBD | - | No application fee |

### विभिन्न विशेषताएं क्या हैं?

**What are the various specializations?**

1. **Electronics**
    - Electronics
    - Electronics and Communication
    - Electronics and Telecommunication
    - Communication
    - Telecommunication

2. **Mechanical**
    - Mechanical

3. **Computer Science**
    - Computer Science
    - Computer Science & Engg
    - Computer Science Engg.

4. **Electrical**
    - Electrical
    - Electrical & Electronics

**कंप्यूटर आधारित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए भाषा के क्या विकल्प हैं?**

**What are the language options for Computer Based Test/Interview?**

Candidates will have a choice between:

1. Hindi
2. English

**मैं कौन से कंप्यूटर आधारित परीक्षा केंद्र चुन सकता/सकती हूँ?**

**Which Computer based test centres can I choose?**

The list of Computer based test centers are mentioned in Annexure-A

**क्या मुझे केवल आवेदन शुल्क (सामान्य / ओबीसी (एनसीएल) / ईडब्ल्यूएस) का भुगतान करने की आवश्यकता है और आवेदन पत्र भरने से पहले बैंक चालान और जर्नल नंबर तैयार रखना है?**

**Do I need to pay the application fee (General/OBC (NCL)/EWS) only and have the Bank Challan and Journal number ready before filling up the application form?**

No. Once you fill the application, you will be redirected to the payment gateway for payment of application fee.

**आवेदन शुल्क के लिए देय राशि क्या है?**

**What is the amount payable for application fee?**

The application fee is Rs.1000/- + GST for General/OBC (NCL)/EWS candidates.

SC/ST/PwBD candidates are exempted from payment of application fee.

**मुझे आवेदन पत्र का प्रिंट आउट और कंपनी के बैंक चालान की प्रति किस पते पर भेजनी चाहिए?**
**To which address should I send the print out of the application form and Company's copy of bank challan?**

You are NOT required to send print out of the application form. Candidates should retain their copy of printed application form, Payment Receipt as they can be asked to produce it for future reference.

**क्या अभ्यर्थी कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने के लिए यात्रा लागत की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे?**
**Will candidates be eligible for reimbursement of cost of travel for appearing for the computer based test?**

No. Candidates will not be eligible for reimbursement of the cost of travel for attending the computer based test. Outstation candidates shortlisted for the interview will be eligible for reimbursement of AC Chair Car or III Tier AC to and fro train fare by the shortest route from the correspondence address to the place of interview.

* * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * *